कार्यालय प्राचार्य, अग्रणी शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)
(E-mail:- heggchat@mp.gov.in, Ph.No. 07682-248647, 9425144623)
Website :- https://www.ggcchhatarpur.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक : 1255 /स्था./2026 दिनांक : 12/8/2026

**-निविदा आमंत्रण (निःशुल्क, स्टेंशनरी क्रय हेतु)-**

**विषय :** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्राओं को निःशुल्क स्टेशनरी वितरण हेतु स्टेशनरी क्रय के संबंध में निविदा आमंत्रण।

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक I/1171703/2026 दिनांक17/07/2026 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छतरपुर में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति वर्ग की छात्राओं को निःशुल्क स्टेशनरी वितरण हेतु स्टेशनरी सामग्री का क्रय किया जाना है।

अतः स्टेशनरी सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक एवं पात्र फर्म/आपूर्ति कर्ताओं से सील बंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

**1. स्टेशनरी सामग्री का विवरण**

| क्र. | स्टेशनरी सामग्री का नाम | दर प्रति नग | उत्पादक का नाम | कुल मूल्य (समस्त कर सहित) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लॉन्ग रजिस्टर लैमिनेटेड ए4 साईज, पेज-112 (सफेद कागज एवं उच्च गुणवत्ता) | | | |
| 2 | लॉग रजिस्टर लैमिनेटेड ए4 साईज, पेज 172 (सफेद कागज एवं उच्च गुणवत्ता) | | | |
| 3 | डॉट पेन (मय रिफिल सहित) MRP 5/- | | | |
| 4 | डॉट पेन (मय रिफिल सहित) MRP 10/- | | | |
| 5 | पेंसिल MRP 5/- | | | |

**नोट :**मूल संदर्भ निविदा में प्रति विद्यार्थी 500/- का स्टेशनरी किट बनाकर वितरण करने का प्रावधान दिया गया है।

**2. निविदा की शर्तें**

1. हितग्राही मूलक योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को प्रति छात्रा 500/- का स्टेशनरी किट बनाकर वितरण हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है।
2. निविदा आमंत्रण के प्रकाशन की दिनांक से 15 दिवस के अंदर इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा प्राचार्य, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छतरपुर के नाम से कार्यालयीन समय में सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं।
3. निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से "अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्राओं हेतु निःशुल्क स्टेशनरी क्रय सत्र 2026-27 की निविदा" अंकित करना अनिवार्य होगा।
4. स्टेशनरी सामग्री की गुणवत्ता अच्छी एवं निर्धारित विनिर्देश के अनुरूप होना आवश्यक है।
5. निविदाकार को प्रत्येक सामग्री की दर, जीएसटी तथा कुल राशि स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी।
6. स्वीकृत निविदा की फर्म को आदेश प्राप्त होने के पश्चात निर्धारित अवधि में सामग्री की आपूर्ति करनी होगी तथा सामग्री को स्टेशनरी किट के रूप में पैक/बंडल बनाकर उपलब्ध कराना होगा।
7. आपूर्ति की गई सामग्री का परीक्षण/सत्यापन महाविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा। निर्धारित गुणवत्ता अथवा विनिर्देश के अनुरूप सामग्री नहीं पाए जाने पर उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
8. निविदाकार को निविदा के साथ अपना पैन/टीन नंबर, जीएसटी पंजीयन प्रमाण-पत्र, मोबाइल/फोन नंबर तथा बैंक खाता क्रमांक एवं आईएफएससी कोड अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।
9. फर्म को अपने लेटरहेड पर निविदा प्रस्तुत करनी होगी तथा आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. निविदा में दरें सभी करों एवं अन्य देय शुल्क सहित अथवा पृथक रूप से स्पष्ट उल्लेख के साथ प्रस्तुत की जाएँ।
11. निविदा की वैधता अवधि 27.08.2026 समय 05:00 बजे तक रहेगी।
12. सामग्री की आपूर्ति महाविद्यालय द्वारा दिए गए क्रय आदेश के अनुसार करनी होगी। आपूर्ति के समय सामग्री का बिल एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
13. भुगतान सामग्री की सफल आपूर्ति, गुणवत्ता परीक्षण एवं सत्यापन के उपरांत नियमानुसार किया जाएगा।
14. निविदा की स्वीकृति अथवा अस्वीकृति का अधिकार प्राचार्य, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छतरपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

15. निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
16. महाविद्यालय को आवश्यकता एवं उपलब्ध बजट के अनुसार सामग्री की मात्रा में कमी अथवा वृद्धि करने का अधिकार रहेगा।
17. अपूर्ण, बिना हस्ताक्षर की अथवा निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
18. निविदा खोलने की दिनांक, समय एवं स्थान: दिनांक 29/08/2026, समय 04:00 बजे, स्थान प्राचार्य कक्ष, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छतरपुर।

**3. आवश्यक दस्तावेज**

1. फर्म/संस्था का पंजीयन प्रमाण-पत्र
2. जीएसटी पंजीयन प्रमाण-पत्र
3. पैन/टीन नंबर की प्रति
4. बैंक खाता विवरण एवं आईएफएससी कोड
5. अधिकृत प्रतिनिधि का मोबाइल नंबर
6. फर्म के लेटरहेड पर दर सूची
7. सामग्री की गुणवत्ता एवं विनिर्देश संबंधी विवरण
8. अन्य आवश्यक दस्तावेज, यदि कोई हों।

(डॉ0 एस.डी. चतुर्वेदी)
**प्राचार्य**

**निविदा लिफाफे पर लिखने हेतु**
**"अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्राओं हेतु निःशुल्क स्टेशनरी क्रय सत्र 2026-27 की निविदा"**
**प्रति,**
**प्राचार्य,**
**शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)**